# बाबा तेरा साथ रहे | by Sheetal Pandey

बाबा तेरा साथ रहे..4
खुशियों की हो सुबह चाहे ग़म की रात रहे
बाबा तेरा साथ रहे..........

मैं कहीं पे भी रहूं मुझपे हो तेरी नज़र
तेरी छाया में कटे मेरे जीवन का सफर
हर घडी हर पहर हाथों में हाथ रहे
बाबा तेरा साथ रहे..........

जिस तरफ देखूं प्रभु तेरा ही नज़ारा हो
तेरा हर प्रेमी मुझे प्राणो से प्यारा हो
उम्र भर दिल में बस यही जज्बात रहे
बाबा तेरा साथ रहे..........

मैं तो आऊं ना कभी दुनिया के धोखे में
जन्मो जन्मो तक रहूं तेरा ही होके मैं
हर जनम में प्रभु तुमसे मुलाकात रहे
बाबा तेरा साथ रहे..........

मुझसे छूटे ना कभी सेवा का काम प्रभु
जोड़े रखना तू सदा मुझसे अपना नाम प्रभु
इतनी सी अर्ज़ी है सोनू की ये बात रहे
बाबा तेरा साथ रहे..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%87-by-sheetal-pandey/